सुशासन सूचकांक, 2021 में राजस्थान

चर्चा में क्यों?

25 दिसंबर, 2021 को सुशासन दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा सुशासन सूचकांक जारी किया गया, जिसमें ग्रुप 'बी'में राजस्थान को द्वितीय रैंक प्राप्त हुई है।

प्रमुख बिंदु

- जीजीआई-2021 में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को चार श्रेणियों- समूह ए, समूह बी, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश में बाँटकर रैंकिंग दी गई है। जीजीआई-2021 तैयार करने के लिये 10 क्षेत्रों के 58 संकेतकों पर विचार किया गया है।
- राजस्थान ने सुशासन सूचकांक की समग्र रैंकिंग में 4.884 स्कोर के साथ ग्रुप 'बी'में द्वितीय रैंक प्राप्त किया है, वहीं मध्य प्रदेश ने इस ग्रुप में प्रथम रैंक प्राप्त किया है तथा गुजरात ने ग्रुप 'ए'में प्रथम रैंक प्राप्त की है।
- राजस्थान ने पिछले सूचकांक (2019) की तुलना में अपने स्कोर में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि की है। पिछली बार इसका स्कोर 4.80 था, जो अब बढ़कर 4.88 हो गया है।
- सुशासन सूचकांक 10 क्षेत्रों पर आधारित है, जिसमें राजस्थान की रैंकिंग तथा स्कोर निम्नलिखित हैं-

क्षेत्र	राजस्थान की रैंकिंग	स्कोर
1. कृषि और संबद्ध क्षेत्र	चतुर्थ	0.501
2. वाणिज्य एवं उद्योग क्षेत्र	5वीं	0.638
3. मानव संसाधन विकास क्षेत्र	7वीं	0.398
4. सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र	6वीं	0.249
5. सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिता क्षेत्र	8वीं	0.525
6. आर्थिक शासन क्षेत्र	8वीं	0.290
7. समाज कल्याण एवं विकास	तृतीय	0.606
8. न्यायिक एवं सार्वजनिक सुरक्षा	प्रथम	0.417
9. पर्यावरण क्षेत्र	प्रथम	0.377
10. नागरिक केंद्रित शासन	प्रथम	0.883

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-in-good-governance-index-2021